राष्ट्रीय बाल भवन

कोटला मार्ग, नई दिल्ली–110002

मि.सं. 22/रा.बा.भ/सुरक्षा/नीलामी/2025/1040

दिनांक : 10.09.2025

## नीलामी नोटिस

**जवाहर बाल भवन–मांडी, मांडी गांव, नई दिल्ली–110047 में** दिनांक **17.09.2025** (बुधवार) को **प्रात 11:00 बजे** अनुपयोगी/कंडम सामान के ढेर की **जैसा है जहां है के आधार** पर जन नीलामी की जायेगी। नीलामी की शर्तें व प्रतिबंध निम्नलिखित हैं:–

(क). **नीलामी के सामान का निरीक्षण** : नीलाम किये जाने वाले अनुपयोगी / कंडम सामान का निरीक्षण **दिनांक 14.09.2025 (रविवार) दोपहर 09.00 बजे से 05.00 बजे तक** किया जा सकता है।

(ख). **नीलामी का समय : दिनांक** 17.09.2025 **को नीलामी प्रातः** 11.00 **बजे** शुरू होगी जिसे लिए प्राप्त 09.00 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक ही बोलीदाताओं को जवाहर बाल भवन–मांडी के गेट से प्रवेश दिया जायेगा। इसके बाद आने वाले बोलीदाताओं को प्रवेश नहीं किया जायेगा।

(ग). नीलामी के दिन जवाहर बाल भवन–मांडी आने वाले सभी इच्छुक बोलीदाता ये विशेष रूप से ध्यान रखें कि नीलामी में भाग लेने के लिए जवाहर बाल भवन–मांडी के गेट से केवल उन्ही बोलीदाताओं को प्रवेश दिया जायेगा जो केवल अपने नाम से रू.10,000/– की सिक्योरीटी डिपॉजिट राशि जमा करेंगे और स्वयं बोली बोलेंगे। इसके अतिरिक्त बोलीदाओं के साथ आने वाले अन्य व्यक्तियों को जवाहर बाल भवन–मांडी परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि जमा कराते समय बोलीदाता को अपनी पहचान के प्रमाणस्वरूप अपने आधार कार्ड/वोटर आई कार्ड/डाईविंग लाईसेंस/ भारतीय पासपोर्ट मूल रूप में स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी के साथ गेट पर सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि प्राप्त करने वाले रा.बा.भ. के कर्मचारी/अधिकारी को देना होगा।

(घ). सभी इच्छुक बोलीदाताओं की सूचनार्थ यह प्रस्तुत है कि जवाहर बाल भवन–मांडी के परिसर में मुख्य द्वार के पास **एक चबूतरे पर लोहे इत्यादि का पुराना जनरेटर सैट** लगा हुआ वह नीलामी की पुरानी वस्तुओं में शामिल में है, के **फोटोग्राफस इस नोटिस के साथ में सभी के अवलोकन के लिए संलग्न है** । सर्वोच्च बोलीदाता को नीलामी फाईनल होने के बाद अपने खर्चे पर इस चबूतरे को उखाड़कर जनरेटर सेट को अपने ट्रांसपोर्ट से ले जाना है जिसके लिए राष्ट्रीय बाल भवन एवं जवाहर बाल भवन–मांडी द्वारा कोई खर्च वहन नहीं किया जायेगा। **इस प्रक्रिया को नीलामी फाईनल होने के एक सप्ताह के अंदर पूरा करना होगा जिसके बाद ही सर्वोच्च बोलीदाता को रू.10,000/– सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि वापस की जायेगी।**

कृपया पृष्ठ पलटिये ....

(ड़). नीलामी शुरू होने से पहले, सभी बोलीदाताओं को रू.10,000/-(रूपये दस हजार केवल) की सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि जमा करानी होगी। बोलीदाताओं को अपनी पहचान का प्रमाण (आधार, वोटर आई कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस इत्यादि वैद्य प्रमाण ) साथ लाना होगा। असफल बोलीदाताओं की सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि फाईनल नीलामी के तुरंत बाद वापस दे दी जायेगी। उच्चतम/सर्वोच्च ( Highest-1 ) बोलीदाता को रू.10,000/- सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि नीलामी फाईनल होने के बाद उच्चतम नीलामी राशि का पूरा भुगतान करने और जवाहर बाल भवन-मांडी का परिसर पूरी तरह साफ व सामान रहित होने और चबूतरे पर स्थित पुराने जनरेटर सेट को नीलामी फाईनल होने के एक सप्ताह में पूरी तरह अपने खर्चे पर उखाड़ने पर पर वापस की जायेगी। **यह ध्यान रखें कि चबूतरे पर लगे लोहे के पुराने जनरेटर सैट के अतिरिक्त नीलामी का सभी पुराना सामान नीलामी की सर्वोच्च राशि कैशियर, रा.बा.भ. को जमा करने के बाद अगले दिन 18.09.2025 के सांय 04.00 बजे तक हटाना होगा अन्यथा रू.5000/-(रूपये पांच हजार केवल) प्रति दिन का जुर्माना उच्चतम/सर्वोच्च ( Highest-1 ) बोलीदाता पर लगाया जायेगा।**

(ढ़). उच्चतम/सर्वोच्च बोलीदाता को **उच्चतम/सर्वोच्च ( Highest-1 )** बोली की **25 प्रतिशत राशि का भुगतान तुरन्त नीलामी समाप्त होने के बाद ऑन द स्पॉट करना होगा** और शेष 75 प्रतिशत की पूरी राशि का भुगतान **दिनांक 18.09.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक** कैशियर, लेखा अनुभाग, राष्ट्रीय बाल भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली-110002 को करना होगा अन्यथा बोली के बाद जमा की गई सिक्योरिटी डिपॉजिट की पूरी राशि जब्त कर ली जायेगी।

(च). जवाहर बाल भवन-मांडी के परिसर से नीलाम हुये सामान को **दिनांक 18.09.2025 को सायं 4:00 बजे तक** उच्चतम नीलामी राशि के पूरे भुगतान के बाद तुरन्त स्वयं हटाना होगा अन्यथा रू.5000/-(रूपये 5 हजार केवल) प्रति दिन का जुर्माना उच्चतम बोलीदाता पर लगाया जायेगा। **सर्वोच्च बोलीदाता को सामान हटाने के लिए लेबर व सामान ले जाने के लिए वाहन का प्रबन्ध स्वंय करना होगा।**


(छ). निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन के पास किसी एक या सभी बोलियों को बिना किसी कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

यह नोटिस सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

मुकेश गुप्ता

( मुकेश गुप्ता )
उप निदेशक(प्रशासन)

प्रतिलिपि प्रेषित:-1. अनुभाग अधिकारी एवं प्रभारी, ज.बा.भ.-मांडी
2. रा.बा.भ.की बेबसाईट
3. नोटिस बोर्ड एवं मुख्य द्वार
4. ज.बा.भ.-मांडी कार्यालय




M6 PLUS 5G


ENGINE


M6 PLUS 5G